दैनिक
# जयवर्द्धन
पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - –भीम में पहली बार हो रहे नगर पालिका चुनाव



वर्ष - 01 | अंक - 38 | राजसमंद - रविवार, 30 अगस्त 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

# नगर निकाय चुनाव : टिकट वितरण से पहले ही भाजपाइयों में बगावत की आग, कांग्रेस ने खेला पहला दांव


## - राजसमंद में 105 नामांकन से गरमाई सियासत

चुनावी चर्चा

**राजसमंद।** नगर निकाय चुनाव 2026 की जंग अब पूरी तरह चरम पर पहुंच चुकी है। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शनिवार को राजसमंद जिले की पांचों नगर निकायों में कुल 105 प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल कर चुनावी शंखनाद कर दिया है। जिला मुख्यालय से लेकर अन्य शहरी क्षेत्रों तक चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है और एसडीएम कार्यालय परिसर में दिनभर भारी गहमागहमी का माहौल रहा। सांख्यिकी प्रकोष्ठ से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले की सभी 5 नगर निकायों में प्रत्याशियों ने उत्साह के साथ दावेदारी ठोकी है।नगर पालिका आमेट में 24 नामांकन, नगर पालिका नाथद्वारा में 32 नामांकन, नगर परिषद राजसमंद में 25 दावेदारों ने 27 नामांकन, नगर पालिका भीम में12 नामांकन और नगर पालिका देवगढ़ में12 नामांकन उम्मीदवरों ने किए। शनिवार को राजसमंद उपखंड कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारों ने रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। शनिवार को कुल 25 उम्मीदवारों ने 27 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जबकि एक नामांकन शुक्रवार को ही प्रस्तुत किया गया था। इस तरह अब तक कुल 28 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। इनमें कांग्रेस पार्टी के 21, भाजपा के 2, आम आदमी पार्टी के 1 और 4 निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन शामिल हैं।



राजसमंद। रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा को अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करते निवर्तमान सभापति अशोक टांक।



राजसमंद। रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा को अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करते भाजपा के पूर्व पार्षद खलील डायर।



राजसमंद। देव दर्शन कर अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र भरने जाते पूर्व उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता की पालना को लेकर उपखंड कार्यालय परिसर में सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के पुख्ता प्रबंध किए गए। नामांकन के दौरान उपखंड कार्यालय के बाहर पूर्व जिला प्रमुख प्रत्याशी नारायण सिंह भाटी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष चंचल नंदवाना, पूर्व चेयरमैन नारायण सुथार सहित पार्टी के नेता और समर्थक मौजूद रहे। वहीं भाजपा की ओर से पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश पालीवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### केवल 3 दिन का वक्त, रविवार के अवकाश से पहले दांव-पेच तेज

इस बार निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के तहत 27 से 31 अगस्त तक नामांकन की तिथियां तय की गई हैं। हालांकि बीच में 28 अगस्त को रक्षाबंधन और 30 अगस्त को रविवार का अवकाश आ जाने से उम्मीदवारों को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए केवल 3 दिन का ही समय मिल पा रहा है। यही वजह रही कि शनिवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में उम्मीदवारों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। कोई पुलिस थाने में चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने तो कोई नगर परिषद से एनओसी हासिल करने के लिए भागदौड़ करता नजर आया।

### कांग्रेस ने बिना सूची जारी किए मैदान में उतारे धुरंधर, भाजपा में अंदरूनी कलह चरम पर

चुनाव का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि न तो कांग्रेस ने और न ही भाजपा ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इसके बावजूद अंदरूनी इशारे मिलते ही कांग्रेस के दिग्गजों ने खुलकर नामांकन भरना शुरू कर दिया है। निवर्तमान सभापति अशोक टांक और उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली समेत कई पूर्व पार्षदों ने शनिवार को अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन दाखिल किए। दूसरी ओर शहर की राजनीति के जानकारों का मानना है कि टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस के मुकाबले भाजपा में अंदरूनी कलह और खींचतान काफी ज्यादा है। पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल न बैठने के कारण कार्यकर्ताओं में असंतोष तेजी से पनप रहा है।

### आधा दर्जन वार्डों में बाहरी प्रत्याशियों का भारी विरोध, निर्दलीयों की एंट्री से बिगड़ेगा समीकरण

राजसमंद नगर परिषद के आधा दर्जन वार्डों (विशेषकर वार्ड संख्या 18, 28, 40, 43 और 44) में भाजपा के संभावित बाहरी प्रत्याशियों के खिलाफ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बगावत का झंडा बुलंद कर दिया है। वार्डवासियों का साफ कहना है कि जब हमारे अपने ही वार्ड में जिताऊ और टिकाऊ कार्यकर्ता मौजूद हैं, तो बाहरी चेहरों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इतना ही नहीं टिकट कटने के डर से दोनों पार्टियों के कई दावेदारों ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी पर्चे दाखिल कर अपनी-अपनी पार्टियों को सीधी चुनौती दे दी है।

### राजसमंद नगर परिषद में शनिवार को दर्ज प्रमुख नामांकन का वार्डवार विवरण

रिटर्निंग अधिकारी ओम प्रभा और सहायक रिटर्निंग अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह के समक्ष दर्ज प्रमुख नामांकन में वार्ड 1 से उदयलाल (कांग्रेस), वार्ड 6 से निर्मला (कांग्रेस), गौरतलब है कि वार्ड 6 से आशा देवी पालीवाल पहले दिन ही पर्चा दाखिल कर चुकी हैं। इसके अलावा वार्ड 8 से मीनाक्षी जोशी (कांग्रेस), गौरी कुम्हार (निर्दलीय), वार्ड 11 से सुजाता चौधरी (कांग्रेस), वार्ड 12 से मोहनलाल कुमावत (कांग्रेस), वार्ड 13 से मधु पालीवाल (कांग्रेस), वार्ड 19 से इंद्रलाल मीणा (कांग्रेस), वार्ड 22 से अमित वर्मा (आम आदमी पार्टी), वार्ड 25 से अमर कुमावत (कांग्रेस) और भूरालाल कुमावत (कांग्रेस), वार्ड 26 से पुष्पादेवी साहू (कांग्रेस), वार्ड 27 से पुष्पा पोरवाड़ (कांग्रेस), वार्ड 29 से चुन्नीलाल पंचोली (कांग्रेस) ने दो आवेदन, वार्ड 30 से इमरान खान डायर (निर्दलीय), खलील हुसैन डायर (भाजपा), सत्तार हुसैन ने एक कांग्रेस से तथा एक नामांकन बतौर निर्दलीय, शब्बीर हुसैन डायर (कांग्रेस), वार्ड 31 से संगीता देवी (कांग्रेस), वार्ड 33 से अशोक टांक (कांग्रेस), वार्ड 35 से कमलेश कुमार लोढ़ा (निर्दलीय), वार्ड 38 से उमेश खटीक (कांग्रेस),

वार्ड 40 से कैलाशचंद्र सेन (भाजपा), वार्ड 41 से हर्ष पहाड़िया (कांग्रेस), वार्ड 43 से दीपक खत्री ने कांग्रेस की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया है।

### कल नामांकन का अंतिम

रविवार के अवकाश के बाद अब सारा दारोमदार सोमवार 31 अगस्त यानी नामांकन के अंतिम दिन सोमवार पर आ टिका है। अब देखना यह होगा कि दोनों प्रमुख दल अंतिम समय में किन बड़े चेहरों पर दांव लगाते हैं और बगावत की इस आग को शांत करने में संगठन कितना कामयाब हो पाता है।

# फिर गरमाया देलवाड़ा में रोडवेज बसों के संचालन का मुद्दा

## - जिला कलेक्टर ने दिए तत्काल निर्देश

जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के देलवाड़ा दौरे के दौरान शनिवार को जिला कलेक्टर अरूण कुमार हसीजा का भी देलवाड़ा आगमन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर देलवाड़ा कस्बे में रोडवेज बसों के नियमित संचालन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि जब से देलवाड़ा में बाईपास का निर्माण हुआ है, तब से रोडवेज बसों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई रोडवेज बसें देलवाड़ा कस्बे में प्रवेश करने के बजाय सीधे बाईपास से होकर राजसमंद की ओर निकल जाती हैं। इसके कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रोडवेज बसों के संचालन को लेकर क्षेत्रवासी तीन-चार बार आंदोलन भी कर चुके हैं। पिछले आंदोलन के दौरान प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच लिखित समझौता भी हुआ था, जिसमें रोडवेज बसों को निर्धारित रूट के



अनुसार देलवाड़ा कस्बे के अंदर से संचालित करने को लेकर सहमति बनी थी।

लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि लिखित समझौते के बावजूद संबंधित अधिकारी उसकी पालना नहीं कर रहे हैं और स्थिति आज भी पहले जैसी ही बनी हुई है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान सरकार की ओर से महिलाओं के लिए रोडवेज यात्रा से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी देलवाड़ा क्षेत्र की कई महिलाओं को नहीं मिल पाया, क्योंकि बसें कस्बे में आए बिना सीधे बाईपास से निकल रही थीं।

### कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया

ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर हसीजा से आग्रह किया कि इस समस्या का स्थायी समाधान करवाया जाए और निर्धारित रूट की रोडवेज बसों को देलवाड़ा कस्बे के अंदर से संचालित करवाया जाए। ग्रामीणों की समस्या को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रूट की रोडवेज बसें देलवाड़ा कस्बे के अंदर आनी चाहिए। ग्रामीणों की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर अधिकारियों को निर्देश देने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही रोडवेज की समस्या को लेकर कई बार आंदोलन और ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन अब कलेक्टर द्वारा मामले को गंभीरता से लेने से समस्या के समाधान की उम्मीद जगी है। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष देलवाड़ा भेरूलाल खटीक, प्रशासक मांगीलाल कटारिया, पूर्व सरपंच दिनेश पालीवाल, बार एसोसिएशन उदयपुर महासचिव महावीर प्रसाद शर्मा, राजेश कुमार, प्रहलाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### इनका कहना है . . .

ग्रामीणों ने राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व जिला कलेक्टर से निवेदन किया था, इस पर कलेक्टर ने तत्काल अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। हम चाहते हैं कि कलेक्टर के आदेश की तो पालन की जाए सरकार के आदेश की पालना पहले ही अधिकारी नहीं कर रहे हैं।

**भेरूलाल खटीक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देलवाड़ा**

# भाजपा की ऐतिहासिक विजय के साथ निकायों में विकास का नया अध्याय लिखेगा राजसमंद : माहेश्वरी

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विधायक कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव में जिले में भाजपा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। जनता अपने शहरों को ट्रिपल इंजन सरकार के साथ विकास और सुशासन के पथ पर आगे बढ़ाना चाहती है। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान की जनता कांग्रेस के शासनकाल में शहरी निकायों की हुई दुर्दशा को भूली नहीं है। कांग्रेस सरकार के दौरान तुष्टिकरण के आधार पर वार्डों के पुनर्गठन, पेपर लीक जैसी घटनाओं तथा सरकारी कार्यों में कमीशनखोरी के आरोपों ने प्रदेश की व्यवस्था और जनविश्वास को गहरी चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसी राजनीति से आगे बढ़कर पारदर्शी, जवाबदेह और विकास केंद्रित शासन चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का स्पष्ट लक्ष्य शहरों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, स्वच्छता,



सड़क, जलापूर्ति और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाना है। केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय में भाजपा की सरकार होने से विकास कार्यों में बेहतर समन्वय और गति सुनिश्चित होगी। ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाने के लिए भाजपा संगठन और जनप्रतिनिधि पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा का सुशासन और विकास मॉडल जनता के विश्वास पर आधारित है, जबकि कांग्रेस केवल आंकड़ों और दावों के हवाई किले खड़े करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि निकाय चुनाव में जनता भाजपा के विकास, पारदर्शिता और सुशासन के पक्ष में निर्णायक जनादेश देगी तथा कांग्रेस के आंकड़ों का हवाई किला निश्चित रूप से ध्वस्त होगा।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### रोजगारपरक शिक्षा का अभाव

कौशल विकास पर नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट के कई निष्कर्ष चिंतित करने वाले हैं। इन दिनों युवाओं के हित की चिंता करती दिख रहीं केंद्र और राज्य सरकारों को इन निष्कर्षों पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में जो नौकरियां सृजित हो रही हैं, उनके अनुरूप जैसी शिक्षा की आवश्यकता है, उसमें अनेक खामियां हैं।

इस रिपोर्ट के अनुसार 15 से 29 वर्ष के लगभग 8.7 करोड़ युवा न तो पढ़ाई कर रहे हैं, न रोजगार में हैं और न ही किसी तरह का प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन्हें एनईईटी यानी नाट इन एजुकेशन, एम्प्लायमेंट एंड ट्रेनिंग श्रेणी में रखा गया है। कुछ युवा लंबे समय तक रोजगार न मिल पाने के कारण एनईईटी श्रेणी में चले जाते हैं।

नीति आयोग के अनुसार कौशल विकास माडल को केवल प्रशिक्षण देने तक सीमित रखने के बजाय उसे रोजगार और करियर से जोड़ा जाना चाहिए। नीति आयोग ने यह पाया कि केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ऐसा काम कर रहे हैं, जो उनकी योग्यता के अनुरूप है। इसका मतलब है कि अधिकांश युवाओं को अपनी योग्यता के हिसाब से नौकरियां नहीं मिल रही हैं। इसका कारण यही हो सकता है कि कारोबार जगत के पास जैसी नौकरियां हैं, उनके लायक युवा नहीं निखर पा रहे हैं।

आयोग के अनुसार समस्या सिर्फ बेरोजगारी की नहीं है, बल्कि पढ़ाई रोजगार के लिए जरूरी कौशल और उद्योग की जरूरतों के बीच तालमेल के अभाव की भी है। आयोग ने कमजोर व्यावहारिक अनुभव, उद्योग से कम जुड़ाव, सतही इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप एवं करियर गाइडेंस की कमी को प्रमुख चुनौतियों में गिना है। सरकारों को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए आगे आना होगा। आयोग ने स्कूलों के स्तर से ही उद्यमिता कौशल विकसित करने और रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने का जो सुझाव दिया है, वह नया नहीं है। कठिनाई यह है कि ऐसे सुझावों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यह समय की मांग है कि छात्रों को स्कूल स्तर से ही रोजगार और उद्यमिता से जुड़े कौशल से लैस किया जाए। भले ही केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों के लिए लगभग 34 हजार करोड़ का प्रविधान किया हो, लेकिन नीति आयोग का मानना है कि प्रशिक्षण की पहुंच और रोजगार के परिणामों में अभी बड़ा अंतर है।

इस अंतर को पाटे बिना बात बनने वाली नहीं है। कौशल विकास के मामले में यह बात सामने आ रही है कि जिन संस्थाओं पर इसकी जिम्मेदारी है, वे अपना काम सही ढंग से नहीं कर पा रही हैं। इसका अर्थ है कि वे कौशल विकास के नाम पर खानापूरी कर रही हैं। कौशल विकास का काम तब तक सही तरह से नहीं होने वाला, जब तक योग्य प्रशिक्षकों की सेवाएं लेना सुनिश्चित नहीं किया जाता। कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता के साथ प्रशिक्षकों की गुणवत्ता पर भी गंभीरता से ध्यान देना होगा।

नीति आयोग के अनुसार जो युवा बीए, बीकाम की डिग्री लेकर नौकरी तलाश रहे हैं, उनके लिए कोई खास नौकरियां सामने नहीं आ रही हैं। इन डिग्रियों का नौकरी से सीधा जुड़ाव कमजोर है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर जिले में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन

**- मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कर खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस**

जयवर्द्धन न्यूज़




राजसमंद। राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में भाग लेते खिलाड़ी।

**राजसमंद।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न खेल मैदानों एवं खेल परिसरों में विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने विश्वविख्यात हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके खेल जीवन और देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में आयोजित खेल गतिविधियों में जिले के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला खेल अधिकारी धर्म देवसिंह ने बताया कि हॉकी की ओपन श्रेणी में दादा ध्यानचंद एकादश मऊ एवं कैप्टन रूपसिंह एकादश कुंवारिया के मध्य मैत्री मैच आयोजित किया गया। मुकाबले में मेजर ध्यानचंद एकादश मऊ की टीम ने 2-0 से विजय हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजक अमृत कुमावत एवं गोवर्धन पूर्बिया के मार्गदर्शन में अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए भी हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इसमें टीम भाणा, टीम तासोल, टीम कुंवारिया एवं टीम पर्ल ग्रेस के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वॉलीबाल निर्णायक हरीश कुमावत ने बताया कि भाणा स्थित वॉलीबाल कोर्ट पर छात्रा वर्ग में 5 टीमों के मध्य मैत्री मुकाबले हुए। फाइनल मुकाबला सांवरिया टीम एवं बालाजी ग्रुप लवाणा के मध्य हुआ, जिसमें सांवरिया टीम विजेता रही तथा बालाजी ग्रुप लवाणा उपविजेता रहा। श्याम सिंह सिसोदिया के सानिध्य में कबड्डी एवं सेपकटकरा के मुकाबले आयोजित किए गए। कबड्डी में टीम गायरियावास एवं टीम सनवाड़ के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें टीम गायरियावास विजेता रही। सेपकटकरा में टीम भगत सिंह चौकड़ी एवं टीम चंद्रशेखर आजाद सनवाड़ के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें टीम चंद्रशेखर आजाद सनवाड़ विजयी रही। जिम्नास्टिक की रिदमिक सिंगल, ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धाओं में सनवाड़ की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गों में बाजी मारी। इस दौरान खिलाड़ियों ने नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा खेल भावना को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य एवं आध्यात्म विकास शिविर 6 से

**- अणुविभा तुलसी साधना शिखर पर होगा आयोजन**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर साइंटिफिक स्प्रिचुअलिज्म आईएएसएस मेरठ एवं मानस योग साधना परिवार कांकरोली के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय योग, स्वास्थ्य एवं आध्यात्म विकास शिविर का आयोजन 6 से 12 सितम्बर तक किया जाएगा। शिविर अणुविभा तुलसी साधना शिखर पर आयोजित होगा, जिसमें मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मेरठ के डॉ गोपाल शास्त्री साधकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। डॉ गोपाल शास्त्री ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज को बिना किसी दवा के, केवल आदर्श भोजन प्रणाली, सेवा और सुमिरन के माध्यम से रोगमुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। पूर्व में आयोजित चार शिविर बाद पंचम शिविर को लेकर स्थानीय निवासियों में उत्साह है और ऑनलाइन तथा ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है। शिविर के माध्यम से अस्थमा, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, पाचन संबंधी समस्याओं, रक्तचाप, सायटिका, गठिया, त्वचा रोग, जोड़ों के दर्द और मानसिक तनाव जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियों को लाभ मिलेगा। शिविर की शुरुआत से पहले और समापन के बाद सभी प्रतिभागियों की चिकित्सकीय जांच की जाएगी। सात दिनों के दौरान बौद्धिक चर्चा, प्रायोगिक सत्र, प्रश्नोत्तर, ध्यान और योगाभ्यास के विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### तैयारियों में जुटी आयोजन समिति

शिविर संरक्षक जगदीश प्रसाद व्यास ने बताया कि आवासीय शिविर के संचालन के लिए आवास, भोजन और चिकित्सा व्यवस्थाओं के लिए आयोजन समिति गठित कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति शिविर स्थल पर या साधक बाल मुकुंद तोतला के पास अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस दौरान मधुसूदन व्यास, पुष्पा तोतला, बालमुकुंद तोतला, कमल किशोर व्यास, सुधीर व्यास, सीमा झंवर, उषा शर्मा, सुरेश व्यास, हरी भगवान बंग, किरण व्यास, भगवती प्रसाद व्यास, विजय शर्मा, जेसी शर्मा, मनोहर व्यास, जितेन्द्र दाधीच, दिनेश झंवर, महेश दाधीच, गिरिराज व्यास, मनोज लोढ़ा, मनोज गुप्ता, कमलेश कच्छारा, भूपेंद्र चोर्डिया, जितेन्द्र लड्ढा, विद्या दाधीच, तरुणा व्यास सहित साधक मौजूद थे।



राजसमंद। स्वास्थ्य एवं आध्यात्म विकास शिविर के आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते समिति सदस्य।

# थांग-ता राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में सविता स्कूल का दबदबा

**- खिलाड़ियों ने जीते 6 स्वर्ण और 5 रजत पदक - राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन, कन्याकुमारी में बढ़ाएंगे मान**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जयपुर में आयोजित चतुर्थ थांग-ता राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप में सविता इंटरनेशनल स्कूल नांदोली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राज्य स्तरीय स्पर्धा में विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 11 खिलाड़ियों ने पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए सार्थक गालव (41 किग्रा), काव्य देराश्री (45 किग्रा), पारिधि शर्मा (49 किग्रा), ग्रितिका गाडरी (53 किग्रा), प्राची पूर्बिया (33 किग्रा) और प्रियल त्यागी (25 किग्रा) ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं तनिष पूर्बिया (37 किग्रा), अमोल त्यागी (45 किग्रा), सिद्धार्थ कीर (75 किग्रा), मिष्ठी त्यागी (33 किग्रा) और नितिक कुमावत (53 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन तमिलनाडु के कन्याकुमारी में आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय थांग-ता प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की सफलता में थांग-ता कोच सुरेंद्र पूर्बिया एवं शारीरिक शिक्षक सिद्धार्थ कीर के नियमित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधानाचार्य योगेश चंद्र पूर्बिया ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कड़े अनुशासन, लगन और निरंतर अभ्यास का सुखद परिणाम है।



राजसमंद। जयपुर में आयोजित चतुर्थ थांग-ता राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप में सविता इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियो द्वारा जितने पर ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

# आम आदमी पार्टी की नीति से प्रभावित होकर युवाओं ने ली सदस्यता




राजसमंद। आम आदमी पार्टी में सदस्यता ग्रहण करने पर इकलाई द्वारा स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आम आदमी पार्टी की नीतियों और राजनीति से प्रभावित होकर नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप के जिला कार्यालय पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में युवाओं ने पार्टी की रीति-नीति पर विश्वास जताया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अमित वर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने आप का दामन थामा। इस दौरान जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल चंदेल ने मोहिन, अब्दुल, बिलाल सहित अन्य युवाओं को पार्टी का मफलर पहनाकर उनका संगठन में स्वागत किया। जिला संगठन महासचिव पप्पूलाल कीर ने कहा कि पार्टी की पारदर्शी राजनीति से प्रेरित होकर युवा वर्ग लगातार पार्टी से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत राज एवं नगर निकाय चुनावों में जनता को (आप) के रूप में एक मजबूत तीसरा विकल्प मिलेगा। युवाओं की इस भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष कालूराम कुमावत, नाथद्वारा विधानसभा अध्यक्ष धर्मेश चंदेल सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भामाशाह ने बांटे निःशुल्क स्कूली जूते, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती एमड़ी पंचायत स्थित राउप्रावि केरोट गांव में भामाशाह मांगीलाल कुमावत की ओर से निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूली जूते वितरित किए गए। नए जूते पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं उपसरपंच कुमावत द्वारा आयोजित इस सेवा कार्य की ग्रामीणों और विद्यालय परिवार ने सराहना की। इस दौरान संस्था प्रधान विनोद आचार्य, रमेश चंद्र कुमावत, उमेश सिंह, बंसीलाल, हीरालाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।



राजसमंद। राउप्रावि केरोट में निर्धन व जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क जूते वितरण करते भामाशाह मांगीलाल कुमावत।

# अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को किया याद

## तीरंदाजों ने साधे निशाने

जयवर्द्धन न्यूज़

ब्यूरो/नवज्योति, राजसमंद। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राउमावि एमड़ी के खेल स्टेडियम पर अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र गुर्जर अनोखा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को तीरंदाजी और लॉन टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अनोखा ने जिले के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और अपने गुरु श्याम गोरवा के संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उनके गुरु ने अपने खेल जीवन के दौरान मेजर ध्यानचंद के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिविरों में समय बिताया था तथा उन्होंने श्याम गुरु की प्रसिद्ध बैक फ्लिप स्टाइल के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यालय के तीरंदाजों ने टारगेट पर सटीक निशाने साधे, वहीं लॉन टेनिस खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। तीरंदाजी की 20 मीटर स्पर्धा में प्रियंका गुर्जर ने प्रथम तथा दिशा कुमावत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 30 मीटर स्पर्धा में चेतना सुथार प्रथम और टीना सालवी द्वितीय स्थान पर रहीं।



राजसमंद। अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस पर राउमावि एमड़ी खेल स्टेडियम में अपनी प्रतिभाए दिखाती छात्राएं।

लॉन टेनिस एकल के छात्रा वर्ग में दिशा कुमावत प्रथम व चेतना सुथार द्वितीय रहीं, जबकि छात्र वर्ग में हिमांशु सिंह प्रथम और कुणाल गायरी द्वितीय स्थान पर रहे। टीम इवेंट के छात्रा वर्ग में चेतना सुथार एंड टीम तथा छात्र वर्ग में यश त्रिपाठी एंड टीम ने बाजी मारी। इस दौरान प्रियंका गुर्जर, दिशा कुमावत, चेतना सुथार, टीना सालवी, उज्ज्वल सालवी, माही सुथार, कुणाल गायरी, हर्षित आदिवल, माया सालवी, नीलम भील, हिमांशु सिंह, महिपाल सिंह, गोविंद सिंह, जय पूर्बिया, हिम्मत कुमावत, यश त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, गोपाल कुमावत एवं कौशल चंद्र सनाढ्य सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

# द्वारकाधीश मंदिर में फिरोजी मखमल के हिंडोले में बिराजे ठाकुरजी

## सोने-चांदी के झुनझुने और लट्टू से रिझाया

जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ के प्रमुख धाम श्रीद्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में भाद्रपद कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा पर शनिवार को फिरोजी मखमल के हिंडोले का मनोरथ आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभु द्वारकाधीश को फिरोजी रंग के मनमोहक मखमली हिंडोले में बिराजित कर विशेष श्रृंगार धराया गया। मनोरथ के तहत प्रभु श्रीद्वारकाधीश को श्रीमस्तक पर जड़ाऊ किरीट, अमरसी धोती-उपरणा और मेघश्याम ठाड़े वस्त्र के साथ ही हीरों के आभूषण एवं वनमाला से दिव्य श्रृंगारित किया गया। ग्वाल झांकी के दर्शनों के दौरान महाराज तथा मंदिर मुखिया ने बाल लीला के भाव से प्रभु के सम्मुख सोने-चांदी के झुनझुने बजाए और विभिन्न प्रकार के काष्ठ के लट्टू फर्श पर घुमाकर प्रभु को रिझाया। दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे राजभोग के दर्शन खुले, जो आधा घंटे तक श्रद्धालुओं के लिए जारी रहे। वहीं अपराह्न सवा चार बजे उत्थापन के दर्शनों में रामदेवरा जाने वाले पदयात्रियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। उत्थापन के पश्चात प्रभु को भोग लगाकर आरती भीतर ही संपन्न की गई। इसके बाद सुसज्जित फिरोजी मखमल के हिंडोले में प्रभु को बिराजित किया गया। हिंडोले के सम्मुख सोने-चांदी के खिलौने तथा ग्वाल-बाल और गोपी-गोपियों के स्वरूप सुसज्जित किए गए। उल्लेखनीय है कि यह विशेष दर्शन केवल भोग और आरती के मध्य ही होते हैं, शयन दर्शन में हिंडोले के दर्शन नहीं होते। सेवा क्रम में गोस्वामी संजीव कुमार महाराज ने राजभोग तथा शयन की आरती उतारी। इस दौरान मंदिर मुखिया, सहायक मुखिया, भीतरिया, कीर्तनकार एवं पखावजी ने भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अपनी-अपनी सेवाएं समर्पित कीं। मंदिर के मुख्य समाधानी राजकुमार गौरवा ने बताया कि रविवार को भाद्रपद कृष्ण द्वितीया के अवसर पर प्रभु द्वारकाधीश के सम्मुख प्रसिद्ध सावन-भादो झूला के दर्शन आयोजित किए जाएंगे।



# केलवा में कृषि भूमि पर बनी मीट की दुकान हटाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन

## प्रशासन के आश्वासन पर अनशन स्थगित

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** गांव केलवा में कृषि भूमि पर बने कथित अवैध निर्माण और वहां संचालित मीट की दुकान को पूरी तरह बंद करवाने की मांग को लेकर शनिवार को रेगर समाज एवं ग्रामीणों ने राजसमंद तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। रेगर समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह मामला पूर्व में भी प्रशासनिक स्तर पर उठाया जा चुका है, जिसमें जांच के दौरान निर्माण को अवैध पाया गया था। राजसमंद तहसीलदार एवं एसडीएम द्वारा संबंधित पक्ष को पूर्व में दो बार पाबंद भी किया जा चुका है, इसके बावजूद दुकान को पुनः शुरू किए जाने से ग्रामीणों और समाज के लोगों में भारी नाराजगी है। समाज की स्पष्ट मांग है कि कृषि भूमि पर बने टिनशेड एवं अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए तथा वहां मीट की दुकान के संचालन पर स्थायी रोक लगाई जाए। शनिवार को समाज के लोग जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भूख हड़ताल पर बैठने पहुंचे थे। हालांकि नगर परिषद क्षेत्र में लागू आचार संहिता का हवाला देते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अनशन न करने का आग्रह किया। कानून-व्यवस्था और परिस्थितियों का सम्मान करते हुए प्रतिनिधियों ने फिलहाल अनशन स्थगित करने का निर्णय लिया। वार्ता के दौरान तहसीलदार ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि जल्द ही मौके से अवैध टिनशेड हटवा दिया जाएगा और भविष्य में वहां मीट की दुकान संचालित नहीं होने दी जाएगी। समाज के प्रबुद्धजनों ने दोटुक कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि कानून की पालना और गांव में शांति बनाए रखना है। यदि आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी समाधान नहीं हुआ या दोबारा दुकान खुली, तो समाज बड़े स्तर पर कलेक्ट्रेट के समक्ष शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से भूख हड़ताल करेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान शंकरलाल आलोड़िया, वेणीराम नुवाल, दल्लीचंद्र नोगिया, चुन्नीलाल मौर्य, सोहनलाल मौर्य, पारस मौर्य, दिनेश, महेंद्र, कैलाश, रामलाल, हिम्मत, राजू नुवाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।



राजसमंद। केलवा में कृषि भूमि पर बने अवैध निर्माण को हटवाने को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

# विद्या संबल योजना का विस्तार हो, सभी रिक्त पदों को शामिल करे सरकारः सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ

**राजसमंद।** राजस्थान राज्य सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ ने शिक्षा विभाग द्वारा विद्या संबल योजना के तहत केवल प्राध्यापक पदों पर आवेदन आमंत्रित करने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। महासंघ ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि इस योजना का दायरा बढ़ाकर विद्यालयों के सभी रिक्त पदों को इसमें शामिल किया जाए। महासंघ संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य स्टाफ के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। केवल प्राध्यापकों की नियुक्ति से शिक्षकों की कमी की समस्या का स्थाई समाधान संभव नहीं है। विद्यार्थियों के व्यापक हित में द्वितीय श्रेणी शिक्षक, तृतीय श्रेणी शिक्षक, शारीरिक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक तथा अन्य स्वीकृत रिक्त शैक्षणिक पदों को भी विद्या संबल योजना के तहत भरा जाना चाहिए। महासंघ ने मांग रखी है कि शिक्षा विभाग प्रत्येक विद्यालय में स्वीकृत पदों और वर्तमान रिक्तियों का विद्यालयवार एवं पदवार विवरण सार्वजनिक करे तथा पात्र अभ्यर्थियों से सभी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करे। जिला अध्यक्ष घनश्याम जोशी और जिला महामंत्री सत्यनारायण व्यास ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषयवार शिक्षकों के साथ-साथ खेल और प्रयोगशाला जैसी गतिविधियों से जुड़े पदों को भरना बेहद जरूरी है। किसी एक श्रेणी के शिक्षक की नियुक्ति से शिक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती। इस दौरान जिला संगठन मंत्री राधेश्याम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष परमेश्वर आचार्य, उपाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मंत्री शिवलाल खींची, कोषाध्यक्ष बंशीलाल रांका, शंकरलाल भाटी, अनिल परियानी, छगनलाल पालीवाल और सुरेश जोशी सहित अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से योजना का विस्तार करने की पुरजोर अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर क्रीड़ा भारती द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



राजसमंद। राजपुर में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर क्रीड़ा भारती द्वारा राजपुर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जिला सह सचिव श्याम सिंह सिसोदिया ने मेजर ध्यानचंद के प्रेरणादायी जीवन एवं खेलों के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शिवाजी दल, सुभाष दल, सूरज दल एवं गांधी दल ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद सूरज दल विजेता रहा।

विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रशासक हीरालाल गायरी, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पीपला, शिक्षक वर्दीचंद्र गाडरी, पूर्व सरपंच चतरसिंह राजावत, नानालाल गायरी, कमलेश जाट, विद्यालय स्टाफ सहित ग्रामीण मौजूद थे। प्रतियोगिता का संचालन एवं आयोजन में नारायणलाल कुमावत तथा राधेश्याम वैष्णव के सहयोग से संपन्न हुआ।

### पुलिस लाइन में मनाया रक्षाबंधन पर्व



जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। एसपी हेमंत कलाल और एएसपी महेंद्र पारिक के निर्देशन में रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस लाइन राजसमंद में रक्षा का वचन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच आत्मीयता, समन्वय और विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से बहन पूनम, बहन गौरी, एवं मनीष ने सहभागिता की। ब्रह्माकुमारी बहनों ने पुलिस उप अधीक्षक मुकेश कुमार सहित उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की कलाई पर पवित्र रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक ने ब्रह्माकुमारी बहनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम के दौरान भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ महिला सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और आपसी विश्वास का संदेश दिया गया। उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### संस्कृत दिवस पर विविध आयोजनों से बताया संस्कृत भाषा का महत्व



देलवाड़ा। संस्कृत दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम भाग लेते विद्यार्थी।

जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** श्रीदीपचंद पालीवाल राउमावि उपली ओडन में संस्कृत दिवस प्रधानाचार्य राजकुमारी के सानिध्य में मनाया गया। उप प्रधानाचार्य जीवनसिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए संस्कृत पत्र वाचन, सुभाषितानि वाचन तथा संस्कृत समूह गायन प्रतियोगिताएं हुई। सपना शाह ने वर्तमान समय में संस्कृत भाषा की महत्ता, उपयोगिता और प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। उप प्रधानाचार्य ने संस्कृत भाषा के इतिहास, प्राचीनता और सभी भारतीय भाषाओं की जननी के रूप में इसके योगदान पर जानकारी दी। इस दौरान प्रहलादसिंह चौहान, कैलाश पालीवाल, हेमंत गिरनारा, उषा श्रीमाली और भाग्यवंती सुथार सहित विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन तनुजा पालीवाल ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पेड़ों को राखी बांधकर बेटियों और महिलाओं ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाडा।** देलवाड़ा पंचायत समिति अंतर्गत उथनोल ग्राम पंचायत के स्वरूपपुरा चरागाह में रक्षाबंधन पर्व पर एक अनोखी और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। पंचायत प्रशासक विजेंद्र सिंह सोलंकी के सानिध्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में बेटियों और महिलाओं ने पेड़-पौधों को रक्षासूत्र बांधकर उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रक्षाबंधन केवल इंसानी रिश्तों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा का दायित्व निभाना हमारा परम कर्तव्य है। बेटियों ने पौधों को राखी बांधते हुए जीवनभर उनकी देखभाल करने का वचन दिया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति देलवाड़ा के विकास अधिकारी नवीन गौड़, जेटीए यज्ञदत्त श्रीमाली, ग्राम विकास अधिकारी गिरधारीसिंह राव, जवानसिंह, मुकेश पुरोहित, डूंगरसिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक कर्मचारी और ग्रामवासी मौजूद थे। सभी ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

### देवगढ़ में गौरक्षकों ने गौवंश को बांधी राखी



**- फिर दोहराया गौरक्षा का संकल्प**

जयवर्द्धन न्यूज़

**देवगढ़।** क्षेत्र स्थित गुरु शौभाग्य मदन गौशाला में रक्षाबंधन पर गौसेवकों ने पहुंच कर गायो व बछडो को राखी बांधकर गौसेवा वगौ संरक्षण का संकल्प दोहराया। गौमाता की पूजा की और गौवंश की सेवा एवं सुरक्षा का संकल्प लिया। गौमाता को तिलक लगाया और धूप-दीप से महाआरती की। फिर गौमाता को गुड़, हरा चारा और लापसी का भोग अर्पित किया गया। रक्षाबंधन की परंपरा के अनुरूप गौवंश को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सेवा और सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान नाथ समाज प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गौरक्ष सेना जिलाध्यक्ष निर्भयनाथ योगी जोगेला के सानिध्य युवाओं ने गोसेवा के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई। इस दौरान अर्जुनसिंह गौ सरपंच, दिनेश सिंह सिरोला, सिंहराज रावत, शशि जोशी, राजेन्द्रसिंह, ललितसिंह, नरेंद्रसिंह, गंगासिंह, लोभचन्द्र रेगर, भगवतीलाल रेगर, अम्बालाल रेबारी, रमेशनाथ एवं लक्ष्मण नाथ मौजूद थे।

### जय राजपूताना संघ ने बढ़ाये मदद के हाथः समीचा में असहाय क्षत्राणी बहन को मिलेगी नियमित मासिक पेंशन



जयवर्द्धन न्यूज़

**कुंभलगढ़।** जय राजपूताना संघ द्वारा संचालित सामाजिक सेवा प्रकल्प क्षत्राणी कल्प परिवार के तहत समाज के जरूरतमंद और असहाय परिवारों की मदद की दिशा में एक और सराहनीय पहल की गई है। संघ की ओर से कुंभलगढ़ तहसील के समीचा गांव में आर्थिक रूप से कमजोर एक विधवा क्षत्राणी बहन को संबल देने के उद्देश्य से नियमित मासिक पेंशन सहायता राशि की शुरुआत की गई है। क्षत्राणी कल्प परिवार प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य समाज के ऐसे जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना है, जो विपरीत परिस्थितियों और आर्थिक तंगी के कारण अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संगठन ऐसे परिवारों की स्थिति का आकलन कर उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास कर रहा है। एक कदम अपनों की ओर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति बड़े आयोजनों में नहीं, बल्कि किसी असहाय व्यक्ति के कठिन समय में उसके साथ खड़े होने में निहित है। पेंशन सहायता की शुरुआत के दौरान संगठन के रविंद्रसिंह, गजेंद्रसिंह, लक्ष्मणसिंह, युवराजसिंह, पदमसिंह, महेंद्रसिंह, शंभूसिंह, शैतानसिंह तथा डूंगरसिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने समाज के भामाशाहों और सक्षम लोगों से आह्वान किया कि वे आगे आकर ऐसे परिवारों का सहयोग करें, ताकि एकजुट प्रयासों से समाज के हर कमजोर वर्ग को मजबूत व आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# विद्या संबल योजना में आरक्षण लागू होने तक चयन प्रक्रिया स्थगित रखने की मांग

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) ने विद्या संबल योजना के अंतर्गत गेस्ट फैकल्टी के चयन में संविधानसम्मत आरक्षण, जिला स्तर पर कैडरवार रोस्टर एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की है। जिला महामंत्री रघुवीर रांगेरा ने बताया कि संगठन ने स्पष्ट किया है कि आरक्षण एवं रोस्टर के स्पष्ट प्रावधान लागू होने तक विद्या संबल योजना की वर्तमान चयन प्रक्रिया स्थगित रखी जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण बारूपाल एवं प्रदेश महामंत्री सोहन जोरम ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा 18 अगस्त को जारी दिशा-निर्देशों के तहत राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर विद्या संबल योजना के माध्यम से गेस्ट फैकल्टी लगाने का निर्णय लिया गया है। संगठन विद्यार्थियों की तात्कालिक शैक्षणिक आवश्यकता को देखते हुए अस्थायी व्यवस्था की आवश्यकता को समझता है, लेकिन चयन प्रक्रिया में संविधानसम्मत आरक्षण एवं पारदर्शिता के स्पष्ट प्रावधान नहीं होने पर गंभीर चिंता जताई है। जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया ने कहा कि विद्या संबल योजना में संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अनुरूप समान अवसर, पारदर्शिता तथा आरक्षण की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक जिले में कैडरवार रिक्तियों के आधार पर आरक्षण रोस्टर तैयार कर लागू किया जाए, ताकि एसी/एसटी सहित सभी आरक्षित वर्गों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रहें।

## बैक डोर एंट्री का मार्ग नहीं बने विद्या संबल

शिक्षक संघ ने कहा कि विद्या संबल योजना को भविष्य में नियमित सरकारी सेवा में प्रवेश का वैकल्पिक अथवा बैकडोर एंट्री का मार्ग नहीं बनाया जाना चाहिए। संविदा पर कार्यरत कार्मिकों को भविष्य में नियमित पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित नियमित भर्ती प्रक्रिया में समान रूप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए तथा केवल संविदा अनुभव को नियमित नियुक्ति का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। संगठन ने लंबित डीपीसी एवं पदोन्नति संबंधी न्यायालयीन मामलों में प्रभावी एवं समयबद्ध पैरवी करने तथा नियमित सीधी भर्ती का भर्ती कैलेंडर शीघ्र जारी करने की मांग की।

## क्रमोन्नत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पद स्वीकृति की मांग

1 नवंबर 2021 से क्रमोन्नत 475 विद्यालयों में पद स्वीकृत नहीं करने को रेखांकित करते हुए कहा कि चार वर्ष बीत जाने के बावजूद इन विद्यालयों में वरिष्ठ अध्यापक एवं व्याख्याता के पद स्वीकृत नहीं किए गए हैं।

अतः सभी क्रमोन्नत विद्यालयों में आवश्यक पद तत्काल स्वीकृत किए जाएं तथा स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार प्रस्तावित लगभग 1.25 लाख पदों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर विद्यालयों में आवंटित किया जाए। संगठन का मानना है कि विद्यार्थियों को आज शिक्षक अवश्य मिलें, लेकिन उनके भविष्य और संवैधानिक अधिकारों की कीमत पर नहीं। संगठन ने सरकार से 18 अगस्त 2026 को जारी विद्या संबल संबंधी दिशा-निर्देशों की समीक्षा कर उनमें आरक्षण, रोस्टर एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के स्पष्ट प्रावधान जोड़ने तथा नियमित रिक्त पदों को सीधी भर्ती एवं समयबद्ध पदोन्नति से भरने की मांग की।

# नगर परिषद चुनाव : राजसमंद के वार्ड 18 में बाहरी प्रत्याशी का विरोध, स्थानीय कार्यकर्ता को ही टिकट देने की मांग

**- भाजपा के चुनाव प्रभारी व जिलाध्यक्ष को सौंपा पत्र**

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर राजसमंद नगर परिषद के वार्ड नंबर 18 में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वार्डवासियों ने भाजपा संगठन से किसी भी बाहरी व्यक्ति को टिकट न देकर केवल वार्ड के ही किसी स्थानीय कार्यकर्ता को पार्षद पद का प्रत्याशी बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। वार्डवासियों की ओर से भाजपा के मुख्य चुनाव प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है।




**राजसमंद। नगर परिषद चुनाव में वार्ड 18 से स्थानिय कार्यकर्ता को ही टिकट देने की मांग को लेकर भाजपा जिला पहुंचे वार्डवासी।**

पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि वार्ड नंबर 18 के सभी नागरिक एवं मतदाता एकमत होकर स्थानीय प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं। ज्ञापन में वार्ड के स्थानीय एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं बालकिशन कुमावत, गौरव कुमावत एवं संजय सेन का नाम प्रस्तावित करते हुए मांग की गई है कि इनमें से ही किसी निष्ठावान स्थानीय व्यक्ति को पार्टी का अधिकृत उम्मीदवार बनाया जाए। वार्डवासियों का कहना है कि स्थानीय प्रत्याशी होने से क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा। इस मांग पत्र पर सोहनलाल कटारिया, मदन चव्हाण, सुरेश चपलोत, ललित सिसोदिया, राजेश सियांल, पुरुषोत्तम पालीवाल, राधेश्याम पालीवाल, हरीश पालीवाल, शांतिलाल पालीवाल, शंभू हिंगड़, कन्हैयालाल, विमलेश तिवारी, पंकज, लोकेश, कमल किशोर गौड़, प्रमोद द्विवेदी सहित दर्जनों वार्डवासियों ने हस्ताक्षर कर अपना पूर्ण समर्थन जताया है।

# भीम में पहली बार हो रहे नगर पालिका चुनाव में वार्ड पार्षद के उम्मीदवारों ने किए आवेदन

जयवर्द्धन न्यूज़

**भीम।** नगर पालिका चुनाव को लेकर भीम नगर पालिका में शनिवार दोपहर पूर्व विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी दफ्तर से जुलूस के रूप में उपखंड मुख्यालय पहुंच रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) नीरज मिश्रा के समक्ष 10 वार्ड प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल किए। वार्ड क्रमांक1 से जसवंत सिंह, 2 से यशोदा कंवर, 3 से प्रकाश सिंह, 5 से देवकंवर, 7 से प्रभुदयाल, 8 से लता सिंघानिया, 13 से अंजू देसरला, 16 से लूंब सिंह, पूजा लूंब सिंह तथा 20 से वर्षा मालवीय ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। वॉर्ड क्रमांक 1 से दो निर्दलीय उम्मीदवार सोहन सिंह एवं जसोदा ने भी नामांकन पत्र दाखिल किए। चुनावों की गहमागहमी प्रारंभ हो चुकी है, कस्बे में प्रथम मर्तबा हो रहे चुनावों को देखते हुए मतदाताओं में



**राजसमंद। भीम रिटर्निंग अधिकारी को अपना नामांकन पत्र प्रदान करते उम्मीदवार।**

काफी दिलचस्पी है तथा विभिन्न राजनैतिक दलों से सांठगांठ कर टिकट प्राप्त करने की जुगत में लगे हैं। लंबे अरसे से सूने पड़े पार्टी कार्यालयों पर कार्यकर्ताओं में सक्रियता नजर आने लगी है तथा देर रात तक उम्मीदवारी को लेकर क्षेत्र के नुमाइंदे मंथन करने में जुटे है ताकि जीत अपने पक्ष में कर अपनी पार्टी का बोर्ड गठित कर सके। गली मोहल्लों से लगाकर मुख्य मार्केट की चौपाटीयों पर खुसर फुसरएचुनावी कयास व माथापच्ची शुरू हो गई है। बीस वार्ड वाली नगर निकाय में बहुमत प्राप्त करने के लिए ग्यारह उम्मीदवारों की न्यूनतम संख्या हासिल करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

निकाय चुनाव को लेकर भीम में 12 नामांकन पत्र हुए दाखिल

भीम निकाय चुनाव में शनिवार को चुनावी रंगत नजर आई, वहीं कांग्रेस पार्टी की ओर से भीम नगर पालिका में पहली बार हो रहे 20 वार्डों के पार्षदों के चुनाव में वार्ड नंबर 1, 2,3, 5, 7, 8, 13, 16, 20 के नाम की घोषणाओं के साथ सभी पार्षद प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन दाखिल से पूर्व कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक सुदर्शन सिंह रावत और कांग्रेस पार्टी की ओर से नियुक्त चुनाव प्रभारी रंजन साहू ने चुनावी सभा को संबोधित किया। इसी दौरान पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक हरि सिंह रावत पर आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा और निकाय चुनाव में सभी वार्डों में भारी मतों से विजय होने की बात कहीं। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अशोक पोखरना ने कहा कि शेष वार्डों के प्रत्याशियों की घोषणा कर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं शनिवार को उपखंड कार्यालय में 12 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिसमें 10 कांग्रेस प्रत्याशी तथा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।